9. आवंटित भूमि 2 एकड से कम होने से छोटी पट्टी की श्रेणी में है। भू आवंटन कमेटी ने कमाण्ड क्षेत्र में निर्धारित नजराने पर भूमि का आवंटन किया है जबकि राजस्थान कॉलोनाईजेशन (मिडियम एण्ड माईनर ईरिगेशन प्रोजेक्ट्स अलोटमेण्ट ऑफ गवर्नमेण्ट लैण्ड) रूल्स 1968 के नियम 16 में आवंटन भूमि का मापदण्ड निर्धारित किया गया, उक्त नियम के नियम (iv)a अन्तर्गत 2 एकड अथवा इससे कम भूमि को छोटी पट्टी के रूप में मानते हुए प्रचलित बाजार दर पर भूमि का आवंटन करने के प्रावधान नियमों में किया गया । चूंकि उक्त भूमि का रबा 2 एकड से कम है। इसलिए ऐसी भूमि को छोटी पट्टी मानकर बाजार दर से ही आवंटन किया जा सकता है। अधीनस्थ न्यायालय ने बाद विचारण जो निर्णय पारित किया गया है । वह विधिसम्मत है। अतः अपील अपीलार्थी खारिज की जावे।

10. हमनें उभयपक्ष के अधिवक्तागण की बहस सुनी एवं पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया । अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली में संलग्न आवंटन हेतु आवंटी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र का अवलोकन किया । जिसमें प्रार्थी ने आराजी नम्बर 455 में आवंटन चाहा है। तथा पटवारी हल्का की रिपोर्ट दिनांक 24.1.2013 में पटवारी हल्का द्वारा प्रार्थी को आवंटन किये जाने की सिफारिश नहीं की है। उसके बावजूद अपीलार्थी/आवंटी को आराजी नम्बर 443 में रकबा 3 बीघा भूमि का आवंटन उपखण्ड अधिकारी द्वारा किया गया है। इस प्रकार पटवारी हल्का द्वारा सिफाारिश नहीं किये जाने के बावजूद आराजी नम्बर 443 में 3 बीघा भूमि का आवंटन किया जाना भी आवंटन प्रक्रिया को संदेहास्पद बनाता है।

11. अपीलाण्ट को वादग्रस्त आवंटित भूमि रकबा अनुसार छोटी पट्टी की श्रेणी में आती है ऐसी स्थिति में ऐसी भूमि

भू. प्रबन्ध अधिकारी एवं
पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी
भीलवाड़ा

